**संख्या-9/2019/क0नि0-4-136/11-2019-300(5)/19**

**प्रेषक,**

**अरविन्द कुमार,**
**उप सचिव,**
**उ0प्र0 शासन।**

**सेवा में,**

**कमिश्नर,**
**वाणिज्य कर,**
**उ0प्र0 लखनऊ।**

**कर एवं निबंधन अनुभाग-4** **लखनऊ: दिनांकः 27 फरवरी, 2019**

**विषयः- वाणिज्य कर कार्यालय भवन, 5-मीराबाई मार्ग, लखनऊ के 24 शौचालयों का जीर्णोद्धार किए जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-स0नि0-983 मीराबाई मार्ग कार्या0/ शौचालय मरम्मत/2018-19/1095/वाणिज्य कर, दिनांक 21.02.2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में विभागीय कार्यालय भवनों में मरम्मत/अनुरक्षण कार्य हेतु 29-अनुरक्षण मद में प्राविधानित धनराशि रू0-10.00 करोड़ में से वाणिज्य कर कार्यालय भवन, 5-मीराबाई मार्ग, लखनऊ के 24 शौचालयों के जीर्णोद्धार का कार्य कराए जाने हेतु अवशेष धनराशि रु0-149.03584 लाख में से धनराशि रू0-48.87 लाख (रुपया अड़तालीस लाख सत्तासी हजार मात्र) का भुगतान कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ (यू0पी0आर0एन0एस0एस0लि0) को किए जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(i) आहरित धनराशि बैंक/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में जमा नहीं की जायेगी।
(ii) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 30.03.2018 में वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(iii) निर्माण/अनुरक्षण के समय कार्य की विशिष्टियाँ, मानक गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व कार्यदायी संस्था/आयुक्त, वाणिज्य कर का होगा।
(iv) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिए है, उसी कार्य/मद पर व्यय किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक की अनुदान सं0-89 के अंतर्गत लेखाशीर्षक-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण कार्य-03-वाणिज्य कर विभाग के विभागीय भवन तथा सहायता केन्द्रों के विभागीय भवनों की मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य-29-अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

**भवदीय,**

**(अरविन्द कुमार)**
**उप सचिव।**

**संख्या-9/2019/क0नि0-4-136(1)/11-2019, तद्दिनांक :-**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित:-**

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय,उ0प्र0, इलाहबाद।
2. निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. एडी0 कमिश्नर (लेखा), वाणिज्य कर मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, मुख्यालय प्रखण्ड, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
8. गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**(अरविन्द कुमार)**
**उप सचिव।**

http://shasanadesh.up.nic.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।